




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जुलाई–2018

*अन्दर के पृष्ठों पर.......*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## "विश्व पर्यावरण दिवस" कार्यक्रम





पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(5)2018 दिनांक 09.05.2018 के अनुपालन में, "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर, दिनांक 05.06.2018 को समय 16:00 बजे से उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर, लखनऊ परिसर में विभिन्न प्रकार के 45 पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय में नियुक्त सभी राजपत्रित अधिकारी एवं काफी संख्या में अराजपत्रित कार्मिक उपस्थित रहे।

## "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" कार्यक्रम



दिनांक 21.06.2018 को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण केन्द्र के लगभग 60 अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।



## दो दिवसीय "टेलीफोन ड्यूटी कोर्स"



पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की अपेक्षानुरूप दिनांक 25.06.2018 से उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दो दिवसीय "टेलीफोन ड्यूटी कोर्स" का आयोजन किया गया। इस कोर्स में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पर नियुक्त 09 कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को टेलीफोन ड्यूटी से सम्बन्धित अभिलेख, अभिलेखों का रख–रखाव एवं अपग्रेडेशन, कर्तव्य, कार्य एवं दायित्व, मानक व्यवहार, व्यावहारिक गुण, उपकरण एवं उनका रख–रखाव, वार्तालाप के शिष्टाचार, स्वभावगत विशेषताएँ इत्यादि विषयों पर पॉवर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक कॉल का अभ्यास भी कराया तथा कमियों में सुधार के उपाय बताये गये। उक्त प्रशिक्षण से सम्बन्धित पाठ्य सामग्री उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट के निम्न लिंक पर उपलब्ध है–

https://uppolice.gov.in/writereaddata/uploaded-content/Web_Page/2_2_2016_10_36_32_TP%20MANUAL%202.pdf

## उपलब्धियाँ

1. दिनांक 28/29.06.2018 को जनपद कानपुर नगर में माननीय राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 28.06.2018 को मगहर, जनपद सन्तकबीर नगर में माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. दिनांक 10/11.06.2018 को जनपद गोरखपुर में माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

4. दिनांक 07.06.2018 को जनपद मैनपुरी में माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

5. दिनांक 26.05.2018 को जनपद लखनऊ में माननीय उपराष्ट्रपति, भारत सरकार के भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत नियामक आयोग एवं कन्वेंशन सेण्टर पर सीसीटीवी कैमरों एवं वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन कराकर निर्विघ्न सर्विलांस एवं पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

6. दिनांक 20.05.2018 से 25.05.2018 तक जनपद हापुड़ में ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले में 10 सीसीटीवी कैमरों एवं वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन कराकर निर्विघ्न सर्विलांस एवं पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित कराकर मेले को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

## सराहनीय कार्य

दिनांक 31.05.2018 को समय प्रातः 0830 बजे एसएचओ बारादरी, बरेली ने नगर नियंत्रण कक्ष, बरेली में ड्यूटीरत प्र0प्ररि0/3908 अनिल कुमार को सूचना दी कि एक ट्रक, जिसमें सरिया लदी है, बीसलपुर रोड से ट्रक में 04 लोग चढ़कर अशोक लीलैण्ड कम्पनी ट्रक संख्याः यूपी 80 बीटी 1634 लूट कर ले गये हैं। इस सूचना पर ड्यूटीरत परिचालक द्वारा तत्परता से जनपदीय, रेन्ज एवं ज़ोनल कन्ट्रोल को सूचित किया गया। ज़ोन कन्ट्रोल से सूचना रेन्ज कन्ट्रोल, मुरादाबाद तथा तद्क्रम में अमरोहा को प्राप्त हुई। चेकिंग के दौरान अमरोहा के थाना डिडौली की हाईवे मोबाइल द्वारा प्रातः 10:30 बजे उक्त ट्रक को बरामद कर लिया गया। इस कार्य में प्र0परि0/3908 अनिल कुमार सिंह, प्र0परि0/4417 महेन्द्र पाल प्र0परि0 (यॉ0)/3663 जगवेश कुमार एवं प्र0परि0/3977 धर्मपाल सिंह का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

## कल्याणकारी कार्य

1. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 25.06.2018 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 14 कार्मिक लाभान्वित हुये।

2. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जून–2018 में 433 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## शासनादेश, आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप

1. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः सामान्य–बीस–317–2018 दिनांक 27.06.2018 द्वारा उ0प्र0 पुलिस को अति उत्तम पुलिस बनाये जाने विषयक सुझावों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष से आवश्यक कार्यवाही कराने की अपेक्षा की गयी है।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(5) 2018 दिनांक 26.06.2018 द्वारा प्रतिवर्ष दिनांक 01.07.2018 से 07.07.2018 तक "वन महोत्सव" मनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी के योगदान की महती आवश्यकता के दृष्टिगत व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिये उनके द्वारा अधिकाधिक वृक्षारोपण कराये जाने व वृक्षों की वृद्धि को सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गयी है।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः सामान्य–बीस–318–2018 दिनांक 14.06.2018 द्वारा "एक व्यक्ति–एक वृक्ष योजना" के अन्तर्गत अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से स्वयं के व्यय पर स्वेच्छा से कम से कम एक वृक्ष लगाये जाने की अपील किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन का पत्र संख्याः 1260पी/ छः–पु–3–2018–71पी/2018 दिनांक 23. 05.2018 भी संदर्भित किया गया है।

4. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के परिपत्र संख्याः 33/2018 दिनांक 23.06.2018 द्वारा उ0प्र0 की विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं द्वारा वैज्ञानिक परीक्षण के सम्बन्ध में नमूना संकलित करने एवं उसके परिप्रेक्ष्य में पृच्छा किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–चार–120(10)2017 (दिव्यांग) दिनांक 19.06.2018 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के बिन्दु संख्याः 6, 7, 89, 90, 91 व 92 के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 616/ छः–पु–10– 2018 –5(8) /2017 दिनांक 13.06. 2018 में की गयी अपेक्षानुसार निहित निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कराकर, सीधे शासन को अवगत कराते हुए मुख्यालय पुलिस महानिदेशक को भी अवगत कराये जाने हेतु राज्य रेडियो अधिकारी, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग, लखनऊ एवं अन्य को निर्देशित किया गया है।

6. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का पत्र संख्याः डीजी–आठ–94(07–निर्देश) 2018 दिनांक 14.06.2018, जो Advisory regarding dealing with foreign organization/agencies विषयक है, द्वारा निदेशक (सीआईएस–1), गृह मंत्रालय के पत्र संख्याः II/21021/40/2014/1S.II/M (Pt) दिनांक 01.06.2018 को संदर्भित करते हुए उल्लेख किया गया है कि कुछ विदेशी संस्थाओं द्वारा आपसी सहयोग, प्रशिक्षण,

संयुक्त अभ्यास, विचारों का आदान–प्रदान करने हेतु निमंत्रण, बिना गृह मंत्रालय के माध्यम से, सीधे राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों के भेजा जा रहा है। अतः विदेशी संस्थाओं द्वारा भेजे गये आग्रह को गृह मंत्रालय से पूर्व में विचार–विमर्श किये बिना स्वीकार न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

7. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी/चार–103(23) 2018 दिनांक 13.06.2018 द्वारा अवगत कराया गया है कि पुलिस विभाग की कतिपय इकाईयों एवं शाखाओं से शासन को ऐसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव/आंकड़े उपलब्ध कराये गये हैं, जो अधीनस्थ अधिकारियों के स्तर से हस्ताक्षरित होते हैं। इससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि प्रश्नगत प्रस्ताव/आँकड़े पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के स्तर से अनुमोदित हैं या नहीं।

इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है कि उ0प्र0 पुलिस के समस्त विभागों द्वारा उ0प्र0 शासन को प्रेषित किये जाने वाले सभी प्रकार के प्रस्ताव/आँकड़े पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को प्रेषित किये जायेंगे। यदि कोई प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को भेजे बिना तत्काल सीधे उ0प्र0 शासन को भेजा जाना है तो ऐसे प्रस्ताव पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से हस्ताक्षरित कराकर अथवा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त प्राप्त अनुमोदन का अंकन करते हुए भेजे जायेंगे।

8. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः 28/2018 दिनांक 07.06.2018 द्वारा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग किये जाने के सन्दर्भ में मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) सम्बन्धी आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

9. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःउन्नीस–निष्प्रयोज्य वाहन–2018 दिनांक 06.06.2018 द्वारा पुलिस विभाग के निष्प्रयोज्य होने वाले वाहनों को नियमानुसार निष्प्रयोज्य कराकर सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

10. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः बारह–33–2014 दिनांक 06.06.2018 द्वारा न्यूनतम दैनिक मजदूरी पर दैनिक मजदूर रखे जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

11. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः ग्यारह–27–2018 दिनांक 01.06.2018 द्वारा प्रदेश के समस्त पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों को स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में पुलिस लाइन, थाना, चौकी एवं अन्य स्थानों पर स्थापित पुलिस के आवासीय/अनावासीय भवनों इत्यादि के ओवरहेड टैंक/पानी की टंकी एवं वाटर कूलर इत्यादि की साफ–सफाई प्राथमिकता पर कराकर शुद्ध पेय जल की आपूर्ति कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

12. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः दो – (सम्पूर्ति) वर्दी निर्देश – 2017 दिनांक 28.05.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित श्रेणी) की वर्दी निर्धारण किये जाने, वर्दी धारण करने, 02 माह में अनुपालन सुनिश्चित कराने व वर्दी पर व्यय प्रतिपूर्ति सम्बन्धी निर्देश निर्गत किये गये है।

## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 06.06.2018 को जनपद शाहजहाँपुर एवं 08.06.2018 को जनपद बरेली की संचार इकाईयों का भ्रमण एवं संचार व्यवस्था की समीक्षा की गयी। सम्बन्धित कार्मिकों को मौके पर दिशा–निर्देश दिये गये तथा संचार व्यवस्था में सुधार हेतु मार्गदर्शन किया गया।

2. दिनांक 07.06.2018 को जनपद नैनीताल के स्थानीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ उत्तराखण्ड पुलिस संचार व्यवस्था के सम्बन्ध में विचार–विमर्श किया गया।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी/सीए–01/2018/2018 दिनांक 22.06.2018 द्वारा संचार एवं सुरक्षा के क्षेत्र में नित्य प्रतिदिन नये–नये उपकरणों/माध्यमों की खोज होने के कारण विभाग में कार्यरत अधिकारी अपने तकनीकी ज्ञान एवं कौशल की वृद्धि करते हुए पुराने उपकरणों को नये तकनीक में परिवर्तित करते हुए उनको अधिकतम उपयोगी बनाये जाने के दृष्टिगत पुलिस रेडियो मुख्यालय पर एक शोध एवं विकास लैब (Research & Development Lab) की स्थापना राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के अधीन की गयी है। लैब में रेडियो निरीक्षक–01, रेडियो उपनिरीक्षक–01, प्र0परि0 (याँ0) / प्र0परि0 – 03 की नियुक्ति की गयी है।

2. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः सीए/डीजी–1/2018 दिनांक 12.06.2018 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में पुरस्कार स्वीकृत के लिये उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय/ऑपरेशन/एमसीआर एवं प्राविधिक को क्रमशः रू0 20000.00, 40000.00, 25000.00 एवं 30000.00, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन/प्रशिक्षण प्रत्येक को रू0 10000.00, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, साईफर/नियोजन प्रत्येक को रू0 5000.00, सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन/कार्मिक/नियोजन/प्रशिक्षण/साईफर एवं अनुरक्षण प्रत्येक को रू0 2000.00 तथा सहायक रेडियो अधिकारी, प्राविधिक/कर्मशाला को रू0 3000.00 कुल रू0 160000.00 की धनराशि चिन्हित की गयी है। पुरस्कार स्वीकृत करने हेतु मार्गदर्शनार्थ दिशा–निर्देश भी दिये गये हैं।

3. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः सीए/डीजी–1/2018 दिनांक 12.06.2018 द्वारा जेम पोर्टल पर उपलब्ध सामग्री एवं सेवाओं का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से ही किये जाने एवं जो सेवायें जेम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, उनके लिये उ0प्र0 प्रोक्योरमेंट मैनुअल अथवा अन्य शासकीय/विभागीय सुसंगत नियम/प्रावधानों के अन्तर्गत क्रय सम्बन्धी पत्रावलियाँ प्रस्तुत करते समय मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः DIR/CA-4/2017 दिनांक 25.09.2017 में निहित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किये जाने एवं क्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## विविध

### प्रशिक्षण गतिविधियाँ

1. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित विभागीय ग्रेड–द्वितीय 90वें बैच की अन्तिम परीक्षाएँ जून–2018 में सम्पन्न हुईं।

2. दिनांक 19.06.2018 को एक पुलिस उपाधीक्षक (परिवीक्षाधीन) को रेडियो मुख्यालय का भ्रमण कराया एवं आवश्यक मार्गदर्शन किया गया।


3. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में विभागीय ग्रेड–द्वितीय 92वें बैच का प्रारम्भ दिनांक 02.07.2018 से प्रस्तावित है।


### योग कक्षाएँ

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित ग्रेड द्वितीय के 90 एवं 91 बैच की योग एवं आसन की कक्षाएँ प्रशिक्षित योग शिक्षक के माध्यम से सप्ताह में दो दिन (बुधवार एवं शनिवार) को आयोजित करायी गयीं हैं।

### प्रशिक्षण हेतु मॉडल कन्ट्रोल रुम

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण कार्य को गुणवत्तापरक बनाने हेतु एक मॉडल कन्ट्रोल रुम की व्यवस्था की गयी है जिसमें एचएफ/वीएचएफ वायरलेस सेट, रिपीटर सेट मय सहवर्ती उपकरण एवं क्यू–मेल प्रणाली के दो टर्मिनल स्थापित किये गये हैं। प्रणालियों की कार्यपद्धतियों को रंगीन चार्ट पर आकर्षक रुप से प्रदर्शित किया गया है। सभी उपकरण कार्यदशा में हैं। इन उपकरणों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक कार्य सम्पादन, कार्य में आने वाली कठिनाईयों एवं उनके निराकरण के उपायों के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जा रहा है।





इस व्यवस्था से प्रशिक्षणार्थी को वास्तविक कार्य का अच्छा अभ्यास प्राप्त हो रहा है और उसकी कार्यसम्पादन क्षमता में गुणात्मक सुधार होगा। इस कार्य में रेडियो निरीक्षक, प्रशिक्षण, श्री वी0के0 वर्मा का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

### पुलिस संचार व्यवस्था की मॉक ड्रिल

सचिव एवं राहत आयुक्त, उ0प्र0 शासन द्वारा उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के साथ संयुक्त रुप से दिनांक 14.06.2018 को मॉक ड्रिल एक्सरसाइज़ करायी गयी जो सफल रही। ड्रिल में विभिन्न जनपदों में पुलिस कन्ट्रोल रुम में नियुक्त पुलिस रेडियो कार्मिकों ने भी भाग लिया।

### सेवानिवृत्ति

उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जून 2018 में निम्न 29 कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रनवीर सिंह, कन्नौज, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सिराज अहमद, गाजीपुर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुभाष चन्द्र तिवारी, आजमगढ़, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम कुमार सरोज, एमसीआर, लखनऊ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुल वाजिद खान, बरेली, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रभाकर शर्मा, संभल, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बालेश्वर, श्रावस्ती, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विष्णु कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अख्तर महमद खान, बरेली, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नाहर सिंह, गाजियाबाद, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ईश्वरदीन पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कमलेश कुमार सिंह, 20वीं वाहिनी, पीएसी, आजमगढ़, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मंगल सिंह, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश कुमार, बुलन्दशहर, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान, रेडियो मुख्यालय, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इन्द्रपाल मित्रा, रेडियो मुख्यालय, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नरेन्द्र कुमार, रेडियो मुख्यालय, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम अचल सिंह, रेडियो मुख्यालय, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नरेश कुमार शर्मा, कानपुर नगर, 20. प्र0परि0/2793, तनवीर अहमद, रेडियो मुख्यालय, 21. प्र0परि0/722, राधेश्याम, कानपुर नगर, 22. प्र0परि0/3210, रहीशपाल सिंह, आगरा, 23. स0परि0/1466, वीरेन्द्र सिंह चौहान, बांदा, 24. कर्म0कर्म0/1440, चरनपाल सिंह, बुलन्दशहर, 25. कर्म0कर्म0/728, जयनारायण शुक्ल, फैजाबाद, 26. कर्म0कर्म0/4299, रवि प्रकाश, कानपुर नगर, 27. संदेशवाहक, कैलाश, सहारनपुर, 28. ओ0पी0, आकाशी देवी, देवरिया, 29. मुख्य आरक्षी चालक, मो0 हनीफ, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान किये गये। रेडियो मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए 10 कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा स्वयं सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।



### खेल-कूद

1. दिनांक 27.06.20.18 से 29.06.2018 तक जनपद वाराणसी में सम्पन्न उ0प्र0 पुलिस की 24वीं वार्षिक कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं में पुलिस रेडियो ज़ोन को 01 कॉस्य पदक प्राप्त हुआ।

2. दिनांक 21.06.2018 से 24.06.2018 तक जनपद इलाहाबाद में सम्पन्न उ0प्र0 पुलिस की 44वीं वार्षिक जूडो, जिमनास्टिक्स, वूशू व ताइक्वॉडो प्रतियोगिताओं में पुलिस रेडियो ज़ोन को 01 स्वर्ण, 01 रजत एवं 01 कॉस्य पदक प्राप्त हुए।

3. उ0प्र0 पुलिस की वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट्स एवं शूटिंग प्रतियोगितायों का आयोजन दिनांक 25.07.2018 से 31.07.2018 तक प्रस्तावित है।

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 200